बुलेटिन

05 नवम्बर, 2020

- आवास वित्त क्षेत्र में माह दर माह आधार पर प्रगति देखी गयी जिससे आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) से ऋण संवितरण बेहतर हुआ।
- सितंबर 2020 के दौरान आ.वि.कं. द्वारा आवास एवं गैर-आवास ऋणों के नये प्रस्ताव अनुमोदनों में पिछली अवधि की तुलना में 130% की वृद्धि हुई।
- सितंबर 2019 की तुलना में सितम्बर, 2020 के दौरान आ.वि.कं. द्वारा आवास ऋण संवितरण में भी 105% की वृद्धि हुई।
- मार्च 2020 के बाद से रा.आ.बैंक का पुनर्वित्त ₹33,293 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर है।
- इसके अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत पैकेज के भाग के रूप में माननीय वित्त मंत्री द्वारा घोषित विशेष चलनिधि सुविधा के तहत संस्वीकृत पुनर्वित्त का ₹14,046 करोड़ रुपये शामिल है।
- आ.वि.कं द्वारा अब तक प्रदान किये गये पुनर्वित्त संवितरण एवं संस्वीकृति यह इंगित करती है कि पुन: एलआईजी तथा एमआईजी दोनों श्रेणी में आवास की मांग बेहतर हो गयी है और आने वाले दिनों में त्यौहार के सीज़न में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।